(क्षेत्रीय कार्यालय)

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल,बालोतरा**

**जसोल फांटा, जसोल रोड, बालोतरा, जिला बालोतरा**

**वेबसाइट: www.environment.rajasthan.gov.in**

**ई-मेल: ro.balotara@gmail.com**

LiFE Lifestyle for Environment

राप्रनिम / क्षे.का. / बालोतरा / PH–59 / 3711–3722 दिनांक: 09 / 01 / 2025

श्री सुशील कुमार कटियार,
क्षेत्रीय प्रबंधक,
राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड,
खेड़ रोड, औद्योगिक क्षेत्र, बालोतरा।

विषयः– ग्राम बोरावास कलावा, तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा में स्थित 243.478 हैक्टेयर राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र हेतु प्रस्तावित है के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई बाबत्।

प्रसंगः– जिला कलक्टर, बालोतरा का पत्रांक RajKaj Ref No. 12866153 दिनांक 07.01.2025।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी इकाई की पर्यावरणीय स्वीकृति की जनसुनवाई से सम्बंधित विज्ञापन इस पत्र के साथ संलग्न है, जो कि एक राष्ट्रीय स्तर (सभी संस्करण) तथा एक दैनिक क्षेत्रीय स्तर (हिन्दी संस्करण) में दिनांक **21.01.2025** तक प्रकाशित करावें तथा सभी अखबारों की प्रति इस कार्यालय में प्रेषित करावे ताकि लोक सुनवाई का आयोजन **दिनांक 21.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से रीको औद्योगिक क्षेत्र बोरावासा कलावा, तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा** में करवाया जा सके।

साथ ही आपसे निवेदन है कि विज्ञापन में वर्णित सभी कार्यालयों में ई.आई.ए. रिपोर्ट्स तथा कार्यकारी सार की हिन्दी व अंग्रेजी प्रतियां जमा करवायें तथा प्रमाण के साथ इस कार्यालय को सूचित करें।

भवदीय,

क्षेत्रीय अधिकारी
(राजकुमार सेहरा)

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को ई.आई.ए. रिपोर्ट की प्रति मय सी.डी. संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है।

1. संयुक्त सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. सचिव, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर।
4. उप महानिदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ए–209 व 218, अरण्य भवन, महात्मा गाँधी रोड़, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर।
5. जिला कलक्टर, बालोतरा।
6. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कार्यालय, बालोतरा।
7. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, बालोतरा।
8. उपखण्ड अधिकारी, उपखण्ड कार्यालय, बालोतरा।
9. तहसीलदार, तहसील कार्यालय, पचपदरा।
10. ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय बोरावास कलावा, तहसील पचपदरा, जिला बालोतरा।
11. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

(क्षेत्रीय कार्यालय)
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल,बालोतरा
जसोल फांटा, जसोल रोड, बालोतरा, जिला बालोतरा
वेबसाइट: www.environment.rajasthan.gov.in
ई-मेल: ro.balotara@gmail.com

LiFE
Lifestyle for Environment

राप्रनिम / क्षे.का. / बालोतरा / PH–59 / 3711–3722 दिनांक: 09 / 01 / 2025

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड, द्वारा औद्योगिक क्षेत्र 243.478 हैक्टेयर, ग्राम बोरावास कलावा, तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा के लिए पर्यावरण स्वीकृति बाबत प्रस्ताव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत किये है एवं उक्त परियोजना हेतू वन, पर्यावरण एव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 02.12.2024 को Terms of reference (ToR) जारी की गई है।
2. और चूंकि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड, को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं तत्पश्चात संशोधित अधिसूचनाओं के अनुसार उक्त राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र विकास परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई की आवश्यकता है।
3. और चूंकि उपरोक्त परियोजना धारक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है।
4. और चूंकि उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्राल.य, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
5. और चूंकि उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (पर्यावरण प्रभाव आंकलन एवं सार रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है:–
    1. जिला कलक्टर कार्यालय, बालोतरा।
    2. जिला परिषद कार्यालय, बालोतरा।
    3. जिला उद्योग केन्द्र, बालोतरा।
    4. उपखण्ड कार्यालय, बालोतरा।
    5. तहसील कार्यालय, पचपदरा।
    6. ग्राम पंचायत कार्यालय बोरावास कलावा, तहसील पचपदरा, जिला बालोतरा।
    7. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बालोतरा।
    8. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
    9. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4, पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, राजस्थान।
    10. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ए–209 व 218, अरण्य भवन, महात्मा गाँधी रोड़, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर।
6. उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई दिनांक 21.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से रीको औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम बोरावास कलावा, तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा में आयोजित की जायेगी।

अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक को प्रस्तावित जन सुनवाई स्थल पर उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस सम्बन्ध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से जन सुनवाई दिवस तक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, बालोतरा में दिये जा सकते है।

क्षेत्रीय अधिकारी